संख्या-8/2055/18-4-2014-2(बीडा)/09

प्रेषक,

महेश कुमार गुप्ता
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा),
संतरविदास नगर।

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-4 लखनऊः दिनांक 17दिसम्बर,2014

विषयः-वेतन समिति (2008) के द्वितीय प्रतिवेदन भाग-2 की संस्तुतियों पर लिए गये निर्णय के अनुसार भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण भदोही के विभिन्न श्रेणी के पदों के सम्बंध में पुनरीक्षित वेतन संरचना के अंतर्गत वेतन बैण्ड/ग्रेड वेतन की स्वीकृति।

महोदय,

उत्तर प्रदेश की स्वशासी संस्थाओं के सम्बंध में वेतन समिति-2008 के द्वितीय प्रतिवेदन भाग-2 में की गयी संस्तुतियों के अनुरूप भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों/अधिकारियों को प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन से छठें वेतन आयोग का लाभ अनुमन्य कराये जाने विषयक आपके पत्र संख्या-बीडा/कार्मिक -एक-(400)/10/3577, दिनांक 11-03-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय संकल्प संख्या-वे0आ0-2-252/दस-54(एम)/2008टी0सी0, दिनांक 07-02-2009 द्वारा लिए गये निर्णय के क्रम में भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों/ अधिकारियों को संलग्नक-1 के स्तम्भ-2 में उल्लिखित विभिन्न पदों के सम्मुख स्तम्भ-4 में इंगित दिनांक 01-01-1996 से प्रभावी वेतनमान के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन स्तम्भ-5 के अनुसार दिनांक 01-01-2006 से प्रकल्पित आधार पर अनुमन्य करने एवं वास्तविक लाभ शासनादेश निर्गत होने के अगले माह से दिये जाने की श्री राज्यपाल महोदय द्वारा इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है कि वेतनमानों के पुनरीक्षण के फलस्वरूप आने वाले अतिरिक्त व्यय भार को वहन करने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्राधिकरण को कोई वित्तीय सहायता न तो वर्तमान में और न ही भविष्य में दी जायेगी।

2- प्राधिकरण के कार्मिकों को वेतन समिति-2008 की संस्तुतियों के अनुरूप पुनरीक्षित वेतनमान अनुमन्य कराये जाने पर वेतन पुनरीक्षण के फलस्वरूप बढ़े हुए व्यय भार को प्राधिकरण द्वारा अपने स्रोतों से वहन किया जायेगा।

3- पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन निर्धारण शासकीय संकल्प दिनांक 07-02-2009 के प्रस्तर-1 के उप प्रस्तर-3 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार किया जायेगा। मंहगाई भत्ता राजकीय कार्मिकों के समान लागू दरों तथा तिथियों से देय होगा, परन्तु मकान किराया भत्ता एवं नगर प्रतिकर भत्ता, स्वैच्छिक परिवार कल्याण हेतु अतिरिक्त प्रोत्साहन सामूहिक बीमा योजना तथा प्रसूति अवकाश/बाल्य देखभाल अवकाश

http://shasanadesh.up.nic.in

(चाइल्ड केयर लीव) की संशोधित दरों की व्यवस्था शासकीय संकल्प दिनांक 07-02-2009 के उप प्रस्तर-7 में उल्लिखित निर्णय के क्रम में शासनादेश निर्गत होने के अगले माह से अनुमन्य होगी।

4- भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण सेवा विनियम-1986 में दी गयी व्यवस्थाओं का पालन करते हुए पदों के उच्चीकरण/पुनर्गठन एवं वेतनमान पुनरीक्षण भविष्य में बिना शासन की सहमति के नही किया जायेगा तथा पदों के सृजन, पदों के वेतनमानों का निर्धारण, समयमान वेतनमान की व्यवस्था इत्यादि के सम्बंध में प्राधिकरण की गवर्निंग बाडी की संस्तुति पर शासन की सहमति से किया जायेगा।

5- प्राधिकरण के विभिन्न कर्मचारियों को राजकीय कर्मचारियों की भॉति समयमान वेतनमान/एस0सी0पी0 की व्यवस्था सम्बन्धी आदेश अलग से निर्गत किये जायेंगे।

6- प्राधिकरण में राज्य सरकार अथवा अन्य सेवाओं के अधिकारी जो भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं/होंगे, उन्हें अपने संवर्ग के अनुसार पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड/ग्रेड वेतन व अन्य भत्ते अनुमन्य होंगे।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-6-542 दिनांक 24-09-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक: वेतनमान तालिका।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
प्रमुख सचिव ।

संख्या-2055/18-4-2014,तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार लेखा परीक्षा प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2
3- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-6
5- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-3
6- गोपन अनुभाग-1
7- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(एच0एम0 झा)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-2055/18-4-2014-2(बीडा)/09, दिनांक 17-12-2014 का संलग्नक-1 भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण हेतु वेतन समिति (2008) द्वारा संस्तुत पुनरीक्षित वेतनमान एवं ग्रेड वेतन का विवरण -

क्0	पदनाम	चतुर्थ वेतनमान दिनांक 01-01-86 से लागू	पंचम वेतनमान दिनांक 01-01-96 से लागू	छठां प्रस्तावित वेतन बैण्ड/ सादृश्य वेतन बैण्ड/ सादृश्य ग्रेड वेतन	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	वास्तुविद् नियोजक/अधिशासी अभियन्ता	3000-4500	10000-15200	वे0बैण्ड-3, 15600-39100, 6600	1-शासन द्वारा समता समिति के प्रतिवेदन 1989 में बीडा संगठनात्मक ढांचा का वेतनमान राजकीय कर्मचारियों के समान बीडा के अधिकारियों / कर्मचारियों का वेतनमान दिये गये हैं।
2	सहायक अभियंता	2200-4000	8000-13500	वे0बैण्ड-3,15600-39100, 5400	
3	मार्केटिंग मैनेजर	-	8000-13500	वे0बैण्ड-3,15600-39100, 5400	
4	आर्च कम प्लानिंग सहायक	-	6500-10500	वे0बैण्ड-2, 9300-34800, 4600	
5	लेखाकार कम इन्टरनल आडिटर/कार्यालय अधीक्षक/मुख्य सांख्यिकीविद्/ आशुलिपिक	1400-2600	5000-8000	वे0बैण्ड-2, 9300-34800, 4200	2-चतुर्थ वेतनमान को शासन द्वारा पंचम वेतन आयोग के शासनादेश संख्या 1338/18-4-2001-1(बीडा)2000 दिनांक 17 मई, 2002 एवं शासनादेश संख्या-658/18-4-2006-1(बीडा)/2000 दिनांक 20 जून,2006 से पुनरीक्षित किया गया है ।
6	अवर अभियन्ता/ अवर अभियन्ता (इले0)	1400-2300	4500-7000	वे0बैण्ड-1, 5200-20200, 2800	
7	सर्वेयर/विधि सहायक	1400-2300	4500-7000	वे0बैण्ड-1, 5200-20200, 2800	
8	प्रधान मानचित्रकार	1400-2400	4500-7250	वे0बैण्ड-1, 5200-20200, 2800	
9	अन्वेषक/कैशियर/ मानचित्रकार/स्टेनो टाईपिस्ट/लेखालिपिक/वरिष्ठ लिपिक/कम्प्यूटर आपरेटर	1200-2040	4000-6000	वे0बैण्ड-1, 5200-20200, 2400	
10	कनिष्ठ लिपिक (स्टोर) /चालक/रोड रोलर चालक	950-1500	3050-4590	वे0बैण्ड-1, 5200-20200, 1900	
11	ट्रेसर/ब्लू प्रिन्टर कम मैप रिकार्ड कीपर/ लेखपाल	825-1200	2750-4400	वे0बैण्ड-1, 5200-20200, 1800	
12	दफ्तरी/पम्प आपरेटर	775-1025	2610-3540	-1एस, 4440-7440, 1400	
13	इलेक्ट्रीशियन	-	2610-3540	-1एस, 4440-7440, 1400	
14	चपरासी/चौकीदार/ स्वीपर/माली	750-940	2550-3200	-1एस, 4440-7440, 1300	

http://shasanadesh.up.nic.in